प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

पन्तनगर। 22 जून 2024। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की स्वीकृति के उपरान्त विश्वविद्यालय की वर्ष 2024 की प्रवेश परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिये गये। परीक्षा नियंत्रक डा. राजीव सिंह ने प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणामों के अनुसार स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में स्नातक पाठ्यक्रम में श्री रूपक सिंह ने 506 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान; कु. इशिता बोहरा ने 495 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा श्री प्रतिक पाण्डे ने 495 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पीजी स्तर की प्रवेश परीक्षा में कु. धृति होरे 470 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान; कु. एमी सजवान 392 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान तथा कु. शिप्रावी भट्ट 380 अंक प्राप्त तीसरे स्थान पर रहे। एमसीए में श्री गौरव कुमार सिंह ने 375 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान; श्री गौरव पाठक ने 371 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और कु. हिमानी पाण्डे ने 362 अंक तीसरा स्थान प्राप्त किया।

स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में 9651 में से 7814; मार्स्टर्स प्रोग्राम में 1228 में से 1008; एमसीए प्रोग्राम के लिए 117 में से 96 तथा पीएचडी प्रोग्राम के लिए 625 में से 474 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। पन्तनगर विश्वविद्यालय की मार्स्टर्स व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 8 जून को जबकि स्नातक स्तर व एमसीए की प्रवेश परीक्षा 16 जून को पंतनगर सहित प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परिणाम छात्र विश्वविद्यालय वेबसाइट www.gbpuat.ac.in अथवा प्रवेश पोर्टल www.gbpuat.org.in अपना लॉगिन कर देख सकते हैं।

1 से 3 (स्नातक) रूपक सिंह, कु. इशिता बोहरा एवं श्री प्रतिक पाण्डे;

4 से 6 (पी.जी.) कु. धृति होरे, कु. एमी सजवान एवं कु. शिप्रावी भट्ट

7 से 9 (एम.सी.ए.) गौरव कुमार सिंह, गौरव पाठक एवं कु. हिमानी पाण्डे

निदेशक संचार